Brainbox
learn easy

**मौखिक**

**निम्नलिखित प्रश्नो के उतर एक - दो पंक्तियों में दीजिए -**

1- ततँारा वामीरो कहाँ की कथा है?

The story of "Tantara and Vamiro" is from which place?

उत्तर ततँारा वामीरो निकोबार द्वीप की कथा है।

2- वामीरो अपना गाना क्यों भूल गई?

Why did Vamiro forget her song?

उत्तर लहरों से भीग जाने के कारण वामीरो अपना गाना भूल गई ।

3- ततँारा ने वामीरो से क्या याचना की?

What was the request done by Tantara to Vamiro?

उत्तर ततँारा ने वामीरो से याचना की कि वह कल इसी स्थान पर आए और उसकी प्रतिक्षा करे।

4- ततँारा और वामीरो के गाँव की क्या रीति थी?

What was the rules of Tantara and Vamiro's village?

उत्तर ततँारा और वामीरो के गाँव की रीति थी कि कोई भी अपने गाँव से बाहर विवाह नहीं कर सकता था।

5- क्रोध में ततँारा ने क्या किया?

What did Tantara do in anger?

उत्तर क्रोध में ततँारा तलवार निकाल कर ज़मीन में गाड़ दी।

**लिखित**

**(क) निम्नलिखित प्रश्नो के उतर [25-30 शब्दों में ] लिखिए –**

1. ततँारा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?

What was the opinion of villagers about Tantara's sword?

उत्तर ततॉंरा की तलवार लकड़ी की थी और ततॉंरा इसका प्रयोग सबके सामने नहीं करता था। उसमें अद्‌भुत दैवीय शक्ति थी। ततॉंरा हर समय तलवार को कमर पर बाँदकर राखता था।

2. वामीरों ने ततॉंरा को बोरूखी से क्या जवाब दिया?

What was the rude answer given by Vamiro to Tantara?

उत्तर वामीरो ने ततॉंरा को बेरुखी से जवाब दिया कि वह कौन है, उसे क्यों घूर रहा है और उसके इस तरह प्रश्नों के उत्तर वह क्यों दे? क्योंकि वह अपने गाँव के युवक के अलावा किसी से भी बात नहीं करती है ।

3. ततॉंरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?

What was the changes taken place in Nicobar after Tantara and Vamiro sacrificed their life?

उत्तर ततॉंरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार की सदियों से चल रही परम्परा में परिवर्तन आया। ततॉंरा-वामीरो के गाँव वालों में पहले आपसी संबंध नहीं थे। उन दोनों की मृत्यु के पश्चात् गाँव वाले दूसरे गाँववालों से भी वैवाहिक सम्बन्धों को स्थापित करने लगे।

Brainbox learn easy

4. निकोबार के लोग ततॉंरा को क्यों पसंद करते थे?

Why the Nicobar villagers did loved Tantara?

उत्तर ततॉंरा एक नेक, मददगार युवक था। वह मुसीबत के समय भाग भागकर सबकी मदद करता था। अपने नहीं बल्कि समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना चाहता था। उसके इन्हीं मानवीय गुणों के कारण निकोबार के लोग ततॉंरा को पसंद करते थे।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नो के उतर [50-60 शब्दों में ] लिखिए –**

1. निकोबार द्वीप समूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है?

What do the Nicobarians believe about the division of the Nicobar Islands?

**उत्तर** निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का विश्वास था कि पहले अडंमान निकोबार दोनों एक ही द्वीप थे। इनके अलग -अलग होने के पीछे तताँरा -वामीरो की एक लोककथा प्रचलित है। दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। परन्तु दोनों अलग -अलग गाँव से थे और उस समय के रीतिरिवाज़ों के अनुसार अलग – अलग गाँव के निवासियों में विवाह सम्बन्ध संभव नहीं था। जब लोगो को तताँरा और वामीरो के प्रेम का पता चला तो वे तताँरा को बुरा कहने लगे जिस कारण तताँरा को अत्यधिक क्रोध आ गया उसने अपनी तलवार पूरी शक्ति से धरती में गाड़ दी और दूर तक खींचता हुआ चला गया। इससे धरती के दो टुकड़े हो गए और अंदमान -निकोबार नाम से दो द्वीप बन गए।

2. तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद कहाँ गया? वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

Where did Tantara go after working hard? Describe the natural beauty there in your own words.

**उत्तर** तताँरा दिन भर की कठोर मेहनत करने के बाद समुद्र के किनारे घूमने के लिए चल पड़ा। समुद्र में जहाँ धरती

और आसमान के मिलने का आभास हो रहा था, वहाँ सूरज डूबने वाला था। समुद्र से ठंडी हवाएँ आ रही थी।

शाम के समय पक्षियों की जो चहचहाहटें होती हैं वे भी धीरे -धीरे शांत हो रही थी। तताँरा का मन भी शांत था।

अपने ही विचारों में खोया हुआ तताँरा समुद्री बालू पर बैठ कर सूरज की आखरी किरणों को समुद्र के पानी पर

देख रहा था जो बहुत रंग -बिरंगी लग रही थी। बीच -बीच में लहरों का संगीत सुनाई पड़ रहा था। पूरा वातावरण

बहुत ही सुन्दर और मोहक लग रहा था।

3. वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?

What changed in Tatara's life after meeting Vamiro?

**उत्तर** वामीरो के मिलने के पश्चात् तताँरा हर-समय वामीरो के ही ख्याल में ही खोया रहता था। उसके गहरे और शांत

जीवन में ऐसा पहली बार हुआ था जब वह बैचेनी से किसी का इंतज़ार करता था। वह शाम होने से पहले ही

लपाती की उसी समुद्री चट्टान पर जा बैठता, जहाँ वह वामीरो के आने की प्रतीक्षा किया करता था। वामीरो के

इन्तजार में उसे हर एक पल बहुत अधिक लम्बा लग रहा था। तताँरा बार - बार लपाती गाँव के रास्तों पर

वामीरो के इंतजार में नजरे गाड़ कर खड़ा रहता था।

4. प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?

What kinds of events were organized in ancient times for entertainment and show of strength?

**उत्तर** प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति-प्रदर्शन के लिए मेले, पशु-पर्व कुश्ती, गीत संगीत आदि अनेक प्रकार के

आयोजन किए जाते थे। तीतर, बटेर की लड़ाई, पंतगबाजी, पैठे लगाना

Brainbox learn easy

जिसमें विशिष्ट सामग्रियाँ बिकती। खाने पीने की दुकाने, जानवरों की नुमाइश, ये सभी मनोरंजन के आयोजन होते थे।

5. रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? स्पष्ट कीजिए।

When stereotypes become a burden and become a burden, then it is good to break them.

Why? Explain.

**उत्तर** रूढियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है क्योंकि तभी हम समय के साथ आगे बढ़ पाएगे। जिस प्रकार तताँरा वामीरो से प्रेम करता है, उससे विवाह करना चाहता है परन्तु गाँव के लोग तताँरा को पसंद नहीं करते हैं। वे इस समय विरोध करते हैं और अन्त में उन्हें अपनी जान देनी पड़ती है। इस तरह की रूढ़ियाँ भला करने की जगह नुकसान करती हैं तो उन्हें टूट जाना समाज के लिए बेहतर है।

Brainbox learn easy

## (ग) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए –

1. जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा।

When no way was found, in order to quench anger, he threw it into the earth with power and started pulling it with strength.

**उत्तर** तताँरा -वामीरो को पता था कि रीतिरिवाज़ों के कारण उनका विवाह संभव नहीं है फिर भी वे मिलते रहे। एक बार पशु पर्व मे वामीरो तताँरा से मिलकर रोने लगी। इस पर उसकी माँ ने क्रोध किया और तताँरा को अपमानित किया। क्रोध में आकर तताँरा ने अपनी तलवार को धरती ने पूरी

शक्ति से गाड़ दिया और अपनी
और खींचता हुआ द्वीप के आखरी कोने तक पहुँच गया जिसके कारण द्वीप के दो टुकड़े हो गए।

2. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।

There was only one ray of hope that could sink at any time like the rays falling on the body of the ocean.

**उत्तर** तताँरा ने वामीरो से मिलने के लिए कहा और वह शाम के समय उसकी प्रतीक्षा भी कर रहा था। वामीरो के
इन्तजार में उसे हर एक पल बहुत अधिक लम्बा लग रहा था। उसके अंदर एक शक भी पैदा हो गया था कि
अगर वामीरो आई ही नहीं तो। जिस प्रकार सूर्य की किरणें समुद्र की लहरों में कभी दिखती तो कभी छिप
जाती थी, उसी तरह तताँरा के मन में भी उम्मीद बनती और डूबने लगती थी।

**********

Brainbox learn easy